1. स्वामी विवेकानन्द का जन्म कब हुआ? **12 जनवरी 1863**

2. उनका जन्म कहाँ हुआ? **कलकत्ता**

3. स्वामी जी के माता-पिता का नाम?
**श्रीमती भुवनेश्वरी देवी व श्री विश्वनाथ दत्त**

4. स्वामी जी के पिता का व्यवसाय क्या था?
**कलकत्ता हाईकोर्ट में एटार्नी थे**

5. स्वामी जी के बाबाजी का क्या नाम था? **श्री दुर्गाचरणदत्त**

6. श्री दुर्गाचरण दत्त जी के जीवन की विशेष घटना क्या थी?
**विश्वनाथ दत्त के पैदा होते ही सन्यास ग्रहण कर लिया था**

7. उनका जन्म वाराणसी के किस देवता की पूजा अर्चना का फल बताया जाता है? **वीरेश्वर शिव की**

8. उनकी माता जी का उनके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा? **धर्म के प्रति आकर्षण, साधु-महात्माओं के प्रति श्रद्धा, निर्धनों के प्रति सहानुभूति**

9. उनके पिताजी की उन पर क्या छाप पड़ी?
**सहिष्णुता और तार्किक मस्तिष्क**

10. स्वामी जी का बचपन का नाम क्या था? **नरेन्द्र नाथ दत्त**

11. स्वामी जी की प्रारंभिक शिक्षा कहाँ हुई? **निजी शिक्षक द्वारा घर पर**

12. सर्वप्रथम स्वामी जी ने किस विद्यालय में प्रवेश लिया?
**ईश्वरचन्द्र विद्यासागर के विद्यालय मेट्रोपोलिटन इन्स्टीट्यूट में सन 1871 में**

13. उनकी प्रारंभिक स्कूली शिक्षा में व्यवधान कब पड़ा और क्यों?

**1877 से 1879 तक, स्वास्थ खराब होने के कारण व्यवधान आया**

14. दो वर्ज़ों तक रायपुर में रहते हुए उनकी क्या उपलब्धियां रहीं?

**रायपुर में उन्होनें स्वास्थ लाभ किया, मल्लविद्या में अभ्यास किया, हिन्दी सीखी तथा सत्संग और स्वाध्याय द्वारा ज्ञान प्राप्त किया**

15. किस नगर को प्राय: स्वामी जी की आध्यात्मिक जन्मस्थली कहा जाता है?

**रायपुर**

16. रायपुर से वापस कलकत्ता आकर स्वामी जी ने किस विद्यालय में प्रवेश लिया?

**स्कॉटिश चर्च कालिज, कलकत्ता**

17. स्कॉटिश चर्च कालिज से उन्होने कहाँ तक शिक्षा ग्रहण की?

**1881 में एफ.ए. तथा 1884 में बी.ए. तक**

18. स्कॉटिश चर्च कालिज में उनके मुख्य विषय क्या थे?

**पाश्चात्य तर्कशास्त्र, पाश्चात्य दर्शन तथा यूरोपियन देशों का इतिहास**

19. स्वामी जी किन मुख्य भाषाओं में निपुण थे?

**संस्कृत, अग्रेंजी तथा बांग्ला**

20. किन महान ग्रन्थों का स्वामी जी ने गहन अध्ययन किया था? **वेद, उपनिषद, भगवत गीता, रामायण, महाभारत, कुरान, बाइबिल आदि**

21. स्काटिश चर्च कालिज के अध्यापकों की स्वामीजी के विषय में क्या राय थी?

**सभी एकमत से उन्हें एक विलक्षण प्रतिभा का धनी मानते थे**

22. स्काटिश चर्च कालिज के प्रधानाचार्य, विलियम हेस्टी की उनके बारे में क्या राय थी? **उनका कहना था मैं दूर दूर तक घूमा हूँ किन्तु ऐसा प्रतिभाशाली विद्यार्थी कहीं नहीं देखा**

23. युवाकाल में स्वामी जी की ज्ञान-ध्यान के अतिरिक्त अन्य उपलब्धियाँ क्या थी?

**क्रिकेट के अच्छे खिलाड़ी के साथ ही शास्त्रीय गायन तथा वादन में भी प्रवीण थे**

24. गायन वादन में उन्होने किन से विधिवत शिक्षा ली थी?

**उस्ताद बेनी गुप्ता और उस्ताद अहमद खां**

25. आरंभ में स्वामी जी किस संगठन से जुडे? **ब्रह्म समाज से**

26. स्वामी जी ने योग-ध्यान का प्रशिक्षण सर्वप्रथम किससे लिया? **महर्षि देवेन्द्रनाथ से**

27. स्वामी विवेकानन्द के गुरू कौन थे? **श्री रामकृष्ण परमहंस**

28. स्वामी जी के किस अध्यापक ने श्रीरामकृष्ण परमहंस के विषय में बताया?

**स्काटिशचर्च के प्रधानाचार्य डा. विलियम हेस्टी ने**

29. डा. विलियम हेस्टी ने वर्ड्सवर्थ की कविता 'दि एक्सकर्जन' के किस शब्द के अर्थ जानने के लिए श्री राम कृष्ण का संदर्भ दिया? **'ट्रान्स'**

30. स्वामी जी की सर्वप्रथम भेंट श्री रामकृष्ण से कहाँ हुई?

**1881 में उनके पड़ोसी श्री सुरेन्द्र नाथ मित्र के घर पर,**

31. स्वामी जी के एक रिश्तेदार ने भी उन्हें श्री रामकृष्ण परमहंस से मिलने की सलाह दी थी उनका नाम? **रामचन्द्र दत्त**

32. प्रथम भेंट में स्वामी जी ने श्री रामकृष्ण जी के विज़य में क्या धारणा बनाई?

**स्वामी जी ने उन्हें एक सामान्य पुरूष माना**

33. श्री रामकृष्ण ने प्रथम भेंट में स्वामी जी के विषय में क्या विचार बनाया?

**विवेकानन्द विलक्षण प्रतिभा का धनी है और वही उनका सर्वश्रेष्ठ शिष्य होने योग्य है**

34. श्री रामकृष्ण परमहंस से स्वामी जी ने क्या प्रश्न किया?

**क्या उन्होंने ईश्वर को देखा है**

35. श्री रामकृष्ण ने क्या उत्तर दिया?

**'हाँ, ठीक उसी प्रकार जैसे तुम्हें देख रहा हूँ**

36. श्री रामकृष्ण परमहंस के सान्निध्य में स्वामी जी कितने दिनों रहे?

**लगभग 6 वर्ष**

37. श्री रामकृष्ण के विचारों से विरोध के बावजूद स्वामी जी उनके निकट क्यों बने रहे? **क्योंकि वे श्री रामकृष्ण के सरल स्वभाव, धैर्य और उनके प्रति स्नेह से अभिभूत थे**

38. इस लम्बे सान्निध्य का स्वामी जी पर क्या प्रभाव पड़ा?

**अन्ततः वे उनके अनन्य सर्वश्रेष्ठ शिष्य बन गए**

39. अपने अन्तिम समय में श्री रामकृज़्ण परमहंस ने स्वामी जी को क्या कहा?

**उन्होंने स्वामी जी को अपने सभी शिष्यों की सम्यक देखभाल करने और उनका नेतृत्व करने का निर्देश दिया**

40. श्री रामकृष्ण के दिवंगत होने पर स्वामी जी तथा अन्य शिष्यों ने सर्वप्रथम कहाँ मठ की स्थापना की? **वाराह नगर में सन् 1886 में**

41. बी.ए. पास करने के बाद स्वामी जी को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? **उनके पिताजी की मृत्यु हो गई, उसी के साथ कमाई का कोई साधन नहीं रहा और परिवार की सारी जमापूँजी शीध्र ही समाप्त हो गई जिससे परिवार का गुजारा कठिन हो गया**

42. इस कठिनाई से उबरने के लिए स्वामी जी ने क्या उपाय सोचा?

**उन्होने अपने गुरू श्री रामकृष्ण जी से कहा कि वे माँ काली से उनकी सहायता करने को कहें**

43. श्री रामकृष्ण ने उन्हें क्या उत्तर दिया? **श्री रामकृष्ण बोले कि स्वामी जी स्वयं ही मां से जो मांगना चाहें मांग लें**

44. श्री राम कृष्ण ने स्वामी जी को दक्षिणेश्वर मन्दिर में काली मां से धन तथा अपने परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना करने के लिए भेजा मगर उन्होने क्या मांगा? **ज्ञान तथा भक्ति**

45. गुरू मान लेने के बाद स्वामी जी ने श्री रामकृष्ण परमहंस से क्या इच्छा व्यक्त की? **स्वामी जी निर्विकल्प समाधि की दीक्षा चाहते थे**

46. स्वामी जी ने औपचारिक रूप से सन्यास कब लिया?

**सन् 1887 में वाराह नगर में**

47. स्वामी जी ने परिव्राजक के रूप में देशाटन का कार्य कब आरंभ किया? **सन 1888 में**

48. परिव्राजक के रूप में स्वामी जी के पास क्या चीज़ें रहती थी?

**कमंडल, दंड (लाठी), पहनने के वस्त्र तथा दो पुस्तके-गीता और इमीटेशन आफ क्राइस्ट**

49. स्वामी जी ने देशाटन का कार्य कितने समय तक किया? **लगभग 5 वर्ष**

50. देशाटन में सर्वप्रथम प्रवास कहाँ था? **वाराणसी**

51. वाराणसी में भेंट करने वाले संस्कृत विद्वान का नाम बताओ जिनसे स्वामी जी बहुधा हिन्दु शास्त्रों की मीमांसा किया करते थे? **बाबू प्रमदा दास मित्र**

52. स्वामी जी से दीक्षा लेकर सर्वप्रथम शिष्य बनने वाले कौन थे?

**हाथरस स्टेशन कर्मचारी श्री शरत चन्द्रगुप्ता, जो दीक्षा लेकर स्वामी सदानन्द के नाम से विख्यात हुए**

53. गाज़ीपुर में उनकी मुलाकात किस प्रसिद्व संत से हुई?

**पवहारी बाबा, एक प्रसिद्व अद्वैत वेदान्ती**

54. पवहारी बाबा के सान्निध्य में रहकर स्वामी जी की क्या विशेष उपलब्धि रही?

**धर्म प्रचार करने का निर्णय लिया**

55. पवहारी बाबा से स्वामी जी की भेंट कब हुई? **1890 में**

56. हिमालय क्षेत्र के दौरे पर स्वामी जी को क्या अनुभव हुए?

**वहाँ उन्होंने सूक्ष्म तथा स्थूल ब्रह्मांड के दर्शन किए**

57. खेतड़ी नरेश महाराजा अजीत सिंह, जो उनके अनन्य उपासक बने, से स्वामी जी की पहली मुलाकात कहाँ और कब हुई? **माउंट आबू में, 1890 में**

58. स्वामी जी को विदेश में जाकर वेदान्त का प्रचार करने का सुझाव सर्वप्रथम किसने दिया? **लिंबड़ी के ठाकुर जसवंत सिंह ने**

59. श्री महादेव गोविन्द राणाडे और श्री बाल गंगा धर तिलक से उनकी प्रथम भेंट कब व कहाँ हुई? **बम्बई से पूना जाने वाली रेलगाड़ी में सन 1892 में**

60. स्वामी जी कन्याकुमारी कब पंहुचे? **दिसम्बर 1892 में**

61. कन्याकुमारी में स्वामी जी की क्या विशेष उपलब्धि रही?

**जनता जनार्दन की सेवा का व्रत लिया**

62. कन्याकुमारी के दक्षिण में स्थित एक शिला पर समाधि के बाद स्वामी जी ने जो निर्णय लिया, उसे क्या कहा जाता है?

**1892 का कन्याकुमारी संकल्प**

63. कहा जाता है कि स्वामी जी को स्वप्न में श्री रामकृष्ण परमहंस समुद्र पर चलते हुए दिखाई दिए और वे स्वामी जी को अपने पीछे आने का संकेत कर रहे थे। श्री रामकृष्ण की धर्म पत्नी श्रीमती शारदा देवी को भी इसी प्रकार का आभास हुआ इस से स्वामी जी ने क्या निर्णय लिया?

**विदेश जा कर धर्म प्रचार करने का**

64. विदेश यात्रा के लिए अवसर कैसे मिला?

**शिकागो में धर्म महासम्मेलन में भारत के प्रतिनिधि के रूप में जाने का उनके शिष्यों ने आग्रह किया**

65. स्वामी जी की प्रथम अमरीका यात्रा कब आरंभ हुई? **31 मई 1893 को**

66. शिकागो पंहुचकर स्वामी जी को क्या पता चला?

**धर्म महासम्मेलन की तारीख बदल गई है, वहाँ भाग लेने के लिए परिचय पत्र की आवश्यकता है और उसमें भाग लेने के लिए आवेदन करने की तिथि निकल चुकी है**

67. वहाँ स्वामी जी की सहायता किसने की?

**बोस्टन की एक महिला कैथरीन सनबर्न ने**

68. कैथरीन सनबर्न ने स्वामी जी को किस से परिचय पत्र दिलवाया?

**हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर जान हेनरीराइट से**

69. जान हेनरी राइट ने पत्र में स्वामी जी का परिचय क्या कहकर दिया?

**राइट ने लिखा कि यह व्यक्ति अमरीका के विश्वविद्यालय के समस्त विद्वानों से भी अधिक विद्वान है**

70. महासम्मेलन के लिए दोबारा शिकागो पहुंचने पर स्वामीजी को आयोजकों का पता नहीं लग पाया और सारी रात बिना खाए पिए स्टेशन पर गुजारनी पड़ी। वहाँ स्वामी जी की सहायता किस ने की? **श्रीमती जार्ज हेल ने**

71. स्वामी जी के अमरीका प्रवास का स्थायी पता किस का घर था?

**श्रीमती जार्ज हेल का**

72. सर्वधर्म महासम्मेलन का आरंभ किस दिन हुआ? **11 सितम्बर 1893**

73. स्वामीजी ने क्या कह कर सभा को सम्बोधित किया?

**मेरे अमरीकन बहिनो और भाइयों**

74. स्वामी जी के प्रथम भाषण का सार क्या था?

**सभी धर्मो का लक्ष्य एक है केवल रास्ते अलग अलग हैं। सभी अन्त में ईश्वर तक पहुँचने की कामना करते हैं**

75. सर्वधर्म महासम्मेलन में स्वामीजी के भाषण पर यह टिप्पणी किस ने की? 'धर्मो की जननी, भारत का प्रतिनिधित्व स्वामी विवेकानन्द जी ने किया और उपस्थित जन समुदाय को अत्यन्त प्रभावित किया।'

**महासम्मेलन के अध्यक्ष डा. बेरोज ने**

76. स्वामी जी के भाषण पर किस ने यह प्रतिक्रिया दी? 'वह एक दिव्य वक्ता है। पीले नारंगी वस्त्रों के बीच उसका तेजस्वी चेहरा और उसके मुख से निकलते सार्थक शब्द उसे भव्य गरिमा प्रदान करते हैं।'

**अमरीकन अखबार 'न्यूयार्क क्रिटीक' ने**

77. यह टिप्पणी किसने की? 'विवेकानन्द बेशक सर्वधर्म सम्मलेन के सर्वश्रेष्ठ वक्ता हैं। उनको सुनने के बाद हमें अनुभव होता है कि ऐसे ज्ञानियों के देश में अपने मिशनरी भेजना कितनी बड़ी मूर्खता है।' **न्यूयार्क हेराल्ड ने**

78. धर्म महासम्मेलन कब तक चला? **27 सितम्बर 1893 तक**

79. उनके भाषणों का सार क्या था?

**उनका कहना था कि अपने धर्म के अनुकूल आचरण करो**

80. अपनी प्रथम अमरीका यात्रा में वे सबसे आनन्द दायक समय कौन सा मानते हैं? **जून-जुलाई 1895 का समय, जब उन्होंने अपने दर्जन भर शिष्यों को 'थाउजैन्ड आइ्लैंड पार्क' में उपदेश दिया**

81. न्यूयार्क में उन्होंने किस संस्था का गठन किया? **वेदान्त सोसायटी**

82. प्रथम विदेश प्रवास में वे इंगलैंड कब गए? **दो बार 1895 तथा 1896 में**

83. सिस्टर निवेदिता से उनकी मुलकात कहाँ हुई? **इंगलैंड प्रवास के दौरान**

84. प्रसिद्व विद्वान मैक्स मूलर से स्वामी जी की भेंट कब और कहाँ हुई?

**28 मई 1896, आक्सफोर्ड विश्वद्यिालय में**

85. मैक्स मूलर को स्वामी जी ने क्या सहायता दी? **मैक्स मूलर को श्रीरामकृष्ण परमहंस की जीवनी के लिए आवश्यक सामग्री दी**

86. अमरीका में स्वामीजी के भाषणों का संग्रह किस पुस्तक के रूप में छपा?

**राजयोग,**

87. इंगलैंड में स्वामी जी के भाषणों का संग्रह किस नाम से छपे? **ज्ञानयोग**

88. अमरीका में हार्वर्ड एवं कोलम्बिया विश्वविद्यालयों ने स्वामी जी को क्या प्रस्ताव दिए? **दोनों स्थानों से स्वामी जी को विश्वविद्यालय में चेयर ऑफ इस्टर्न फिलोसफी के पद पर कार्य करने का प्रस्ताव मिला**

89. उपरोक्त प्रस्तावों को क्या कह कर स्वामी जी ने अस्वीकार कर दिया?

**स्वामी जी ने कहा उन जैसे परिव्राजक के लिए एक जगह रुक कर कार्य करना संभव नहीं है**

90. स्वामीजी द्वारा दी गई आर्थिक सहायता से वेदान्त की शिक्षा देनेवाली पत्रिका का नाम बताइए जो मद्रास से 1895 में आरंभ की गई। **ब्रह्मवादिन**

91. अमरीका में स्वामीजी के भाषणों को लिपिबद्ध करने का काम किसने किया?

**जे.जे. गुडविन नाम के आशु लिपिक ने**

92. सन् 1893 में स्वामी जी की प्रथम विदेश यात्रा के दौरान प्रसिद्ध उद्योगपति जे.एन. टाटा भी सहयात्री थे। स्वामी जी ने उन्हें क्या प्रेरणा दी?

**भारत में एक उच्च वैज्ञानिक शिक्षण अनुसंधान संस्थान प्रारंभ करने की**

93. जे.एन. टाटा ने उनकी बात मान कर रिसर्च इन्स्टीट्यूट ऑफ सांइस नामक संस्थान बनाने का निर्णय लेकर स्वामी जी से क्या अनुरोध किया?

**इस संस्थान के अध्यक्ष पद को ग्रहण करने का**

94. स्वामी जी का प्रथम विदेश प्रवास कितने दिन रहा? **लगभग 4 वर्ष**

95. प्रथम विदेश यात्रा से स्वामी जी कब भारत लौटे?

**दिसम्बर 1896 को चलकर जनवरी 1897 में भारत पहुँचे**

96. विदेश यात्रा से भारत लौटने के समय उनके साथ कौन-कौन से मुख्य शिष्य थे?

**सिस्टर निवेदिता, श्री एवं श्रीमती सेवेयर, जे.जे. गुडविन तथा कु. मुलर**

97. प्रथम विदेश यात्रा से भारत लौटने के दौरान उनके भाषणों के संग्रह का क्या नाम है? **लैक्चर्स फ्राम कोलंबो टू अलमोड़ा**

98. स्वामी जी ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना कब की? **मई 1897 में**

99. बेलूर मठ का निर्माण कब हुआ? **जनवरी 1899 में**

100. स्वामी जी ने अमरनाथ यात्रा कब की? **जुलाई 1898 में**

101. अमरनाथ गुफा में स्वामी जी का क्या अनुभव रहा?

**कहा जाता है कि वहाँ स्वयं शिव ने उन्हे दर्शन दिए**

102. सिस्टर निवेदिता ने भारत आकर क्या कार्य किया?

**महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया**

103. हिमालय के बीच मठ निर्माण कराने का स्वप्न किसने पूरा किया?

**स्वामी जी के अनन्य शिष्य श्रीमती एवं श्री सेवियर ने**

104. इस मठ का क्या नाम रखा गया? **अद्वैत आश्रम**

105. अद्वैत आश्रम किस स्थान पर स्थित है? **मायावती, अल्मोड़ा**

106. अद्वैत आश्रम से प्रकाशित पत्रिका का क्या नाम है?

**प्रबुद्ध भारत (अंग्रेजी) और उद्बोधन (बंगला)**

107. आर्यसमाजी और सनातनियों में तारतम्य स्थापित करने के लिए कब व कहाँ की यात्रा की? **पंजाब, मई 1897**

108. आर्य समाज के मुस्लिम विरोध को समाप्त करने के लिए उन्होने कहाँ सुझाव दिए? **रावलपिंडी**

109. प्रसिद्ध गणित अध्यापक श्री तीर्थराम गोस्वामी, जिन्होंने बाद में रामतीर्थ के नाम से वेदान्त की शिक्षा भारत तथा अमेरिका में दी, से उनकी मुलाकात कहाँ हुई? **लाहौर, 1897 में**

110. स्वामी जी के अनुसार रामकृष्ण परमहंस की प्रमुख शिक्षा क्या है? **जीव ही शिव है**

111. रामकृष्ण मिशन की स्थापना का क्या लक्ष्य हैं? **आत्मनो मोक्षार्थम जगत हिताय च**

112. स्वामी जी दोबारा विदेश यात्रा पर कब गए? **20 जून 1899 को**

113. इस यात्रा में उनके साथ कौन थे? **सिस्टर निवेदिता तथा स्वामी तूर्यानन्द**

114. कैलिफोर्निया में स्वामी जी ने किस आश्रम की स्थापना की? **शान्ति आश्रम**

115. शान्ति आश्रम के व्यवस्थापक के रूप में किसे नियुक्त किया? **स्वामी तूर्यानन्द**

116. 'धर्मो के इतिहास की कांग्रेस' नामक आयोजन कहाँ और कब हुआ जिसमें स्वामी जी ने भाग लिया? **पेरिस, 1 अगस्त 1900**

117. दूसरी विदेश यात्रा से स्वामी जी कब स्वदेश लौटे? **दिसम्बर 1900 में**

118. विदेश से उनके अकस्मात लौटने का क्या कारण था? **उन्हें अचानक यह अनुभूति हुई कि उनके शिष्य कैप्टेन सेवियर का देहान्त हो गया। स्वदेश लौट कर उन्होंने इसे सच पाया**

119. अपनी माताजी को उन्होंने धार्मिक स्थलों का भ्रमण कब कराया? **सन् 1901 में**

120. स्वामी विवेकानन्द का निधन कब हुआ? **4 जुलाई 1902**

121. स्वामी जी का निधन कहाँ हुआ? **बेलूर मठ में**

122. विवेकानन्द शिला स्मारक कहाँ स्थित है? **कन्याकुमारी के दक्षिण में लगभग 2 फर्लांग की दूरी पर**

123. विवेकानन्द शिला स्मारक का निर्माण किसने कराया? **एक नाथ राणाडे**

124. स्वामी विवेकानन्द के शब्दों में नास्तिक कौन है? **जिसे अपने ऊपर विश्वास नहीं**

125. विज्ञान के विषय में स्वामी जी के क्या विचार हैं?

**एकात्म की खोज ही विज्ञान है**

126. योग पर लिखी स्वामी जी की पुस्तकों के नाम

**राजयोग, ज्ञानयोग, कर्मयोग व भक्तियोग**

127. स्वामी जी के विज़य में यह उक्ति किस की है, 'विवेकानन्द ने हिन्दुत्व की रक्षा की, भारत की रक्षा की।' **सी. राजगोपालाचारी की**

128. 'स्वामी विवेकानन्द के प्रभाव ने मेरे स्वदेश प्रेम में हजार गुना वृद्धि कर दी।' यह उक्ति किस की है? **महात्मा गांधी**

129. विवेकानन्द अभी भी भारत माता की और उसके करोड़ो बच्चों की आत्मा में निवास करते हैं। यह उद्गार किस के हैं? **महर्षि अरविन्द घोष**

130. 'विवेकानन्द के शब्दों में संगीत है जैसे महान संगीतज्ञ बीथोवन ने तान छेड़ी हो। उससे मुझे ऐसा रोमांच होता है जैसे बिजली का करंट लग गया हो' उपरोक्त शब्द किस के हैं? **रोम्याँ रोलाँ**

131. 'यदि आप भारत को जानना चाहते हो तो विवेकानन्द को पढ़ो। उसमें तुम्हें सभी सकारात्मक मिलेगा, नकारात्मक कुछ भी नहीं' यह उक्ति किस की है?

**गुरूदेव रवीन्द्र नाथ ठाकुर**

132. स्वामी जी के विषय में निम्न उक्ति किस की है 'यह शंकराचार्य का नया अवतार हिन्दुत्व आदर्श में एकात्म करने वाला कहा जा सकता है।'

**सरदार के. एम. पनिक्कर की**

133. 'विवेकानन्द आधुनिक भारत के निर्माता हैं। स्वामी जी ने पूर्व और पश्चिम, धर्म और विज्ञान, भूत और वर्तमान में समन्वय स्थापित किया। उनकी शिक्षा ने हमारे देशवासियों में अभूतपूर्व आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का संचार किया।' यह कथन किस का है? **नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का**

134. 'भारत के अतीत से गौरवान्वित होते हुए भी विवेकानन्द जीवन की सच्चाई देखते हैं। निरुत्साहित एवं अनैतिक हिन्दु समाज के लिए एक टॉनिक के रूप में वे सामने आए।' यह शब्द किस के हैं? **जवाहर लाल नेहरू के**

135. 'एक चुम्बकीय व्यक्तित्व एवं दैवीय शक्ति जिसने अपने देश के इतिहास में अपना स्थान बनाया।' स्वामी जी के विषय में यह किस ने कहा?

**मैसूर के दीवान सर के. शेषाद्रि ने**

136. स्वामी जी को जन्म के समय माता जी ने क्या नाम दिया था? **वीरेश्वर**

137. नरेन्द्र नाथ नाम कब पड़ा? **नामकरण के समय**

138. विवेकानन्द नाम किस के सुझाव पर रखा गया? **खेतड़ी नरेश अजीत सिंह**

139. विवेकानन्द नाम कब रखा गया? **1893 में**

140. स्वामी जी ने पहली बार सार्वजनिक भाषण कब ओर कहाँ दिया?

**13 फरवरी 1893, सिंकदराबाद, आन्ध्रप्रदेश**

141. शिकागो का धर्म महासम्मेलन किस स्थान पर हुआ?

**आर्ट इन्स्टीट्यूट आफ शिकागो**

142. कुछ समय के लिए स्वामीजी ने शिक्षक की नौकरी की, कहाँ?

**ईश्वरचन्द विद्यासागर के विद्यालय में**

143. हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विलियम जेम्स उनके विज़य में क्या कहते हैं? **वे वेदान्तियों के आदर्श पुरूष थे**

144. किसने कहा? 'विवेकानन्द भारत में जन्में ऐतिहासिक पुरूषों में अनन्यतम थे। उसकी विद्वत्ता को देख कर आश्चर्यचकित होना पड़ता है।'

**क्रिस्टोफर इशरवुड ने**

145. 'जब स्वामी जी बोलने के लिए खड़े होते हैं तो वे हिन्दुओं के धार्मिक विचारों पर बोलते दिखाई पड़ते हैं किन्तु जब वे अपनी बात समाप्त करते हैं तो ऐसा लगता है कि हिन्दुत्व साक्षात हो गया है।' यह कथन किस का है?

**सिस्टर निवेदिता**

146. 'आने वाली शताब्दियों तक विवेकानन्द को वर्तमान विश्व के निर्माता के तौर पर याद किया जाता रहेगा।' यह किस विद्वान ने कहा। **ए. एल. बाशन**

147. शिक्षा के विषय में स्वामी जी के क्या विचार हैं?

**मनुष्य में विद्यमान पूर्णत्व का ज्ञान ही शिक्षा है**

148. 'एक दिन मैं अपना शरीर फटे वस्त्र की भांति छोड़ दूंगा, किन्तु मैं अपना कार्य नहीं छोडूंगा। मैं तब तक लोगों को कार्य करने की प्रेरणा देता रहूँगा जब तक दुनिया नही समझ लेती कि ईश्वर एक है।' स्वामी जी ने यह कथन किस संदर्भ में कहे? **अपनी मृत्यु के विषय में**